**NEWS CLIPPING:27.05.2023**

# HINDUSTAN



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, इसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। • हिन्दुस्तान

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में लगा स्वास्थ्य कैंप

**फरीदाबाद**। स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। शिविर में एसएसबी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. बनवारी लाल तथा डॉ. खुशबू ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर कुलपति प्रो एस. के. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING:27.05.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने छात्रों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इसमें छात्रों को अलग-अलग बीमारियों से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसएसबी अस्पताल से डॉ.बनवारी लाल, डॉ.खुशबू शामिल रहे। कुलपति प्रफेसर एसके तोमर व कुलसचिव डॉ.एसके गर्ग ने शिविर का जायजा लिया। कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में किया गया। इस दौरान 100 से अधिक कर्मचारियों व छात्रों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:27.05.2023**

# PUNJAB KESARI

# विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने कराई स्वास्थ्य जांच



*स्वास्थ्य शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम के साथ कुलपति प्रो.एस. के. तोमर एवं कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग।*

फरीदाबाद, 26 मई (पूजा): स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर एसएसबी अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें डॉ. बनवारी लाल तथा डॉ. खुशबू शामिल रहे, ने शिविर का संचालन किया।

कुलपति प्रो एस. के. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच नि:शुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:27.05.2023**

# PIONEER

## विद्यार्थियों व कर्मचारियों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**स्वास्थ्य** को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसएसबी अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम, जिसमें डॉ. बनवारी लाल तथा डॉ. खुशबू शामिल रहे, उन्होंने शिविर का संचालन किया। एसके तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच निशुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

**NEWS CLIPPING:27.05.2023**

# TEHELKA JAZBA

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**तहलका जज्बा/ दीपा राणा**

**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, द्वारा एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, के सहयोग से शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसएसबी अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें डॉ. बनवारी लाल तथा डॉ. खुशबू ने शिविर का संचालन किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच निःशुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

**NEWS CLIPPING:27.05.2023**

# INSAAF TIMES

## जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता/तिलक बिधूड़ी

इंसाफ टाइम्स/फरीदाबाद। स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा एसएसबी हार्ट एंड मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से आज निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में



जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसएसबी अस्पताल के चिकित्सकों की एक टीम जिसमें डॉ. बनवारी लाल तथा डॉ. खुशबू शामिल रहे, ने शिविर का संचालन किया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने शिविर का जायजा भी लिया। कुलपति प्रो एस. के. तोमर ने चिकित्सा केंद्र द्वारा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लाभ के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा के देखरेख में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप और ईसीजी की जांच निःशुल्क की गई। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया तथा लाभ उठाया।

**NEWS CLIPPING:27.05.2023**

# PIONEER

## राष्ट्रीय प्रोजेक्ट कंपीटिशन में जेसी बोस विश्वविद्यालय की टीम को मिला तीसरा स्थान



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों की एक टीम द्वारा ओपन सोर्स अरुडिनो का उपयोग करते हुए सन ट्रैकिंग सोलर पैनल के प्रोटोटाइप पर आधारित प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर के प्रोजेक्ट कंपीटिशन में तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

प्रतियोगिता का आयोजन आरकेजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद द्वारा किया गया था। यह प्रोजेक्ट अरुडिनो कंट्रोलर बोर्ड पर सोलर सेल की मदद से बिजली पैदा करने पर आधारित है। विद्यार्थियों की टीम ने कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर से मुलाकात की। इस अवसर पर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो अरविंद गुप्ता, प्रो संदीप ग्रोवर, डॉ. पवन सिंह और परियोजना पर्यवेक्षक डॉ भूपेंद्र सिंह यादव भी मौजूद रहे। प्रोजेक्ट के प्रोटोटाइप को छठे सेमेस्टर के छात्र अंकित बेनीवाल, अंजलि प्रसाद, अंकित पंवार, अनुनय दीक्षित और अंकित द्वारा विकसित किया गया है। डॉ. भूपेन्द्र यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में देश भर से 80 टीमों ने भाग लिया, जिसमें विश्वविद्यालय को टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने टीम को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों के बारे में जानने का अवसर प्रदान करते हैं और उनमें नवाचार व रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। कुलपति ने छात्रों द्वारा प्रदर्शित परियोजनाओं के बारे में भी जानकारी ली।